प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः माoशिoपo/सिस्टम सेल/804 दिनांकः 27 अक्टूबर, 2025

विषयः **शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2027) हेतु अग्रिम पंजीकरण में छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में संशोधन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में हुयी त्रुटियों को संशोधित किये जाने हेतु परिषद की वेबसाइट दिनांक 31.10.2025 तक क्रियाशील है। शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2027) हेतु कक्षा 09 व 11 के अग्रिम पंजीकरण में भी विद्यालय स्तर से छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरण त्रुटिपूर्ण अपलोड किये जाने के प्रकरण संज्ञानित हुए हैं।

अस्तु छात्रहित में शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2027) हेतु कक्षा–9/11 के अग्रिम पंजीकरण में छात्र/छात्राओं के शैक्षिक विवरणों में हुयी त्रुटियों के निराकरण हेतु सभी शैक्षिक विवरणों यथा विषय/वर्ग, छात्र के नाम, माता/पिता के नाम, जेन्डर, जाति, जन्मतिथि, फोटो, कक्षा–11 के पंजीकरण में हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक आदि के संशोधन तथा छात्र/छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट/रिस्टोर किये जाने हेतु **दिनांक 28.10.2025 से 05.11.2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक** परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in क्रियाशील रहेगी।

निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त संशोधन हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। अस्तु जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित कर त्रुटियों के निराकरण की कार्रवाई पूर्ण करायें तथा उनसे इस आशय का प्रमाण–पत्र अवश्य लें कि विद्यालय के किसी परीक्षार्थी के विवरणों में त्रुटि शेष नहीं है।

भवदीय

(भगवती सिंह)
**सचिव**

पृoसंo– माoशिoपo/सिस्टम सेल/804(1-2) दिनांकः 27 अक्टूबर 2025

उक्त प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
2. अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेoकाo मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर।

27/10/25
(भगवती सिंह)
**सचिव**

Scanned with CamScanner